



एक नजर में



### नशा मुक्ति अभियान में छात्र-छात्राओं को दिलाई शपथ

**नवभारत आष्टा.** पार्वती पुलिस द्वारा नशा से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व स्टाफ की उपस्थिति रही. पुलिस कर्मियों ने बालक-बालिकाओं एवं अध्यापकों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी. साथ ही बताया कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार व समाज को प्रभावित करता है. इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को यह भी प्रेरित किया गया कि वे अपने परिवार, मोहल्ले और समाज में रहने वाले नशा पीड़ित व्यक्तियों को नशामुक्त करने में मदद करें. बच्चों से अपील की गई कि वे स्वयं को नशे से दूर रखें और दूसरों को भी इस ओर जागरूक करें. अंत में सभी छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों को देश को नशामुक्त बनाने में सहयोग देने की शपथ दिलाई गई.



### नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत निकाली जागरुकता रैली

**नवभारत शाहगंज.** एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्रांतर्गत शाहगंज में वार्ड नंबर 4 नई बस्ती एवं ग्राम हिरानी में झुग्गी झोपड़ी एवं हॉटस्पॉट स्थान में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. नशे के आदी व्यक्तियों एवं परिवार वालों को नशा मुक्ति पुनर्वास केन्द्रों की जानकारी व सुझाव देने के साथ-साथ शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम में थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान एवं स्टाफ द्वारा नशा मुक्ति जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया एवं परिसर में फ्लेक्स लगवाए गए एवं पोस्टर बांटे गए एवं नशा मुक्ति के लिए कार्य करने के लिए शपथ दिलाई गई.



### युवाओं को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**नवभारत रेहटी.** शुक्रवार को थाना क्षेत्रांतर्गत सलकनपुर के आसपास की झुग्गी बस्तियों में थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ द्वारा नशा मुक्ति जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया. इस दौरान युवाओं को नशा मुक्ति अभियान के प्रति जागरुक किया व वार्ड में फ्लेक्स लगवाए गए एवं पोस्टर बांटे गए एवं नशा मुक्ति हेतु कार्य करने के लिए शपथ दिलाई गई.




### नशा मुक्ति अभियान के तहत हुई निबंध प्रतियोगिता

**नवभारत सीहोर.** कोतवाली पुलिस द्वारा नशामुक्ति जनजागरुकता अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. साथ विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया. सीएसपी डॉ.अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन मे कोतवाली थाना स्टॉफ द्वारा आवासीय खेल कूद परिसर में नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम के दौरान सभी छात्रों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव, नशा एक सामाजिक बुराई के संबंध में जानकारी व जन संवाद किया गया एवं नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 का प्रचार प्रसार किया गया. सभी बच्चों, शिक्षकगणों, को पमप्लेट व पोस्टर का वितरण किया गया, एव निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में थाना प्रभारी कोतवाली रवीन्द्र यादव, सूबेदार प्राची राजपूत, प्रधान आरक्षक पंकज यादव, आरक्षक अंकुर साहित आवसीय खेल कूद परिसर के प्रचार्य आलोक शर्मा, अभिषेक भार्गव, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एव पुनर्वास केंद्र, से साधना वाजपेई, मंशी शर्मा, प्रतीक्षा समाधिया, सुनैना वर्मा, संदीप जंगले छात्र उपस्थित थे.



### प्राचार्य बने टीबी उन्मूलन के निक्षय मित्र

**नवभारत सीहोर.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद शासकीय अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रोहिताश कुमार शर्मा ने समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता और सहयोग की मिसाल पेश की है. उन्होंने टीबी उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे जनभागीदारी अभियान के तहत निक्षय मित्र के रूप में तीन टीबी मरीजों को गोद लिया है और उनकी पोषण आहार सहायता की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है. कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार गोद लिए गए मरीजों को घर जाकर फूड बास्केट उपलब्ध कराए गए. इन गोद लिए गए मरीजों को उपचार की अवधि के दौरान लगातार तीन माह तक हर माह फूड बास्केट उपलब्ध कराया जाएगा.

# छतरपुर को राष्ट्रीय स्तर पर 18वीं रैंक

- छतरपुर नपा ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि
- 12500 अंकों की रैंकिंग में 10276 अंक मिले




**छतरपुर, 18 जुलाई. स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में छतरपुर नगर पालिका ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर ली है. नगरपालिका ने राष्ट्रीय स्तर पर 18वीं रैंक, मध्यप्रदेश में 50 हजार से 3 लाख आबादी वाली श्रेणी में तृतीय स्थान हासिल किया है.**

1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक चले स्वच्छता अभियान के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, सीएमओ माधुरी शर्मा, स्वच्छता नोडल अधिकारी नीतेश चौरसिया, स्वच्छता निरीक्षक संजेश नायक, रविंद्र तिवारी और पूरी स्वच्छता शाखा की टीम ने अथक प्रयास किए. नगर में डोर-टू-डोर कचरा संग्रह, कचरा रीसाइक्लिंग, थ्री आर की अवधारणा पर आधारित नवाचार, कबाड़ से जुगाड़ के तहत बनाए गए आकर्षक आइटम और शहर के सौंदर्यीकरण जैसे प्रयासों ने इस सफलता में निर्णायक योगदान दिया. कचरा निपटान और डर्टी स्पॉट हटाने से बड़ा सुधार नगर पालिका ने शहर के डर्टी स्पॉट हटाने, सड़क किनारे कचरा फेंकने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने और कचरा निपटान व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया. मार्च में आई सर्वेक्षण टीम ने इन कार्यों की सराहना की और जनता से सकारात्मक फीडबैक प्राप्त हुआ. परिणामस्वरूप 12500 अंकों की रैंकिंग में छतरपुर नगरपालिका ने 10276 अंक प्राप्त किए, जो अब तक के सर्वाधिक हैं.

**नेतृत्व और सामूहिक प्रयास की सराहना :** सीएमओ माधुरी शर्मा ने इस उपलब्धि पर सभी नागरिकों, पार्षदों, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडरों, समाजसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और सफाई मित्रों को बधाई दी. उन्होंने कहा आगे भी हम स्वच्छता के नए मानक स्थापित करने का प्रयास जारी रखेंगे. नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने कहा, सीएमओ माधुरी शर्मा के नेतृत्व, समर्पण और रणनीतिक दृष्टिकोण के कारण ही यह उपलब्धि हासिल हो सकी है. छतरपुर की इस पहचान को बनाए रखने के लिए हम और भी योजनाएं लागू करेंगे. भविष्य में और बेहतर करने का संकल्प लिया है.

#### सिटी रिपोर्ट कार्ड स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25

| मापदंड | उपलब्धि |
|---|---|
| घर-घर कचरा संग्रहण | 91% कचरे का स्रोत पर पृथक्करण 75% |
| कचरा उत्पादन बनाम प्रसंस्करण | 100% डंपसाइट का सुधार (रीमेडिएशन) 7% |
| आवासीय क्षेत्रों की सफाई | 100% बाज़ार क्षेत्रों की सफाई 100% |
| जलाशयों की सफाई | 75% सार्वजनिक शौचालयों की सफाई 100% |

यूएलबी (नगरपालिका) का प्रदर्शन - एसएस 2024-25 (अधिकतम अंक- 12500)




### हरपालपुर को मिले नगरपालिका का दर्जा

हरपालपुर. महाराजपुर के बाद अब हरपालपुर को भी नगरपरिषद से नगरपालिका के रूप में उन्नयन किए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है. नगरवासियों का कहना है कि नगरपरिषद के अध्यक्ष के लिए पूर्व में हुए उपचुनाव के दौरान प्रदेश के गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता आए थे. उन्होंने जनता को आश्वस्त किया था कि भाजपा के अध्यक्ष चुने जाने पर हरपालपुर के लिए हर मांग पूरी की जाएगी. यह मांग आज तक पूरी नहीं की जा सकी. स्थानीय लोगों का कहना है अब समय आ गया जब जनता नगरपालिका के रूप में देखना चाहती है. इस संबंध में नागरिकों का कहना है वे शीघ्र ही मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलेंगे और जनता की भावनाओं से अवगत कराया जाएगा.

## जयश्री गायत्री फूड को न्यायालय से मिली राहत

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** प्रतिष्ठित खाद्य उत्पाद निर्माता कंपनी जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स को एक बड़ी राहत मिली है. गत 31 जनवरी को जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स के विरुद्ध पारित आदेश को न्यायालय ने निरस्त कर दिया है.

न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 26(2)(ii) तथा धारा 51 के अंतर्गत लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं और कंपनी को इन सभी आरोपों से पूर्णतः मुक्त कर दिया गया है. इस निर्णय से यह स्पष्ट हो गया है कि मेसर्स जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स अपने गुणवत्ता मानकों को लेकर सदैव सजग, ईमानदार और प्रतिबद्ध रही है. वर्षों से उपभोक्ताओं की पसंद बनी इस कंपनी के उत्पाद उनकी उत्कृष्टता, शुद्धता और भरोसे के प्रतीक हैं.

यह निर्णय न केवल न्याय की जीत है, बल्कि उन सभी उपभोक्ताओं के विश्वास की भी पुष्टि करता है जो वर्षों उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को पसंद करते आए हैं. कंपनी ने सदैव अपने उत्पादन एवं वितरण में गुणवत्ता मानकों से कभी समझौता नहीं किया है और यह निर्णय उसी प्रतिबद्धता का परिणाम है.

# छतरपुर जिले में बारिश का कहर

- शहर के बड़े तालाब का पानी घरों में घुसा
- शहर में 12.2 इंच और जिले में 6.6 इंच बारिश दर्ज

**छतरपुर, 18 जुलाई. छतरपुर जिले में लगातार हो रही बारिश से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पढ़ रहा है. शहर में 12.2 इंच और जिले में औसतन 6.6 इंच बारिश दर्ज हुई है. छतरपुर में 48 घंटों से लगातार बारिश हो रही है. किशोर सागर तालाब का पानी शिक्षा विभाग के सामने बसे घरों में भर गया और कई गाड़ियां डूब गई है.**



वार्ड क्रमांक 25 में बड़ा तालाब का पानी घरों में घुस गया है. सारे मोहल्ले में आने जाने वाले रास्ते बंद हो गये हैं. रहवासी आकाश रैकवार ने बताया मेरे घर में तालाब का पानी भर गया है सारे रास्ते आर आस-पास के घरों में भी यही हाल है.

हमें अपने घरों की छतों पर रहना पड़ रहा है. यहां किसी प्रकार की सहायता अब तक नहीं पहुंची है. कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने शुक्रवार को जिले के सभी शासकीय और निजी स्कूलों में अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए है. कालापानी में पुलिया टूटने से पानी घरों में घुस गया, बिजली के खंभे गिरे और कलेक्टर बंगले के पास पेड़ गिरने से जाम लग गया. लगातार बारिश ने जिला जलमग्न कर दिया है और प्रशासन राहत व बचाव के कार्य में जुटा हुआ है.



## नालों की मिट्टी धोकर तैयार की जा रही घटिया रेत

**छतरपुर, 18 जुलाई. शहर और आसपास के क्षेत्रों में रेत माफियाओं की गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं. नालों की मिट्टी को धोकर तैयार की गई घटिया गुणवत्ता की रेत अब खुलेआम बेची जा रही है. इससे न केवल निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ रहा है, बल्कि शासन को राजस्व का भी भारी नुकसान हो रहा है.**

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गौरैया रोड और सटई रोड इलाकों में अवैध रूप से रेत के बड़े-बड़े डंप लगाए गए हैं. इन स्थानों पर माफियाओं ने भारी मात्रा में रेत एकत्र कर रखी है, जो शहर के विभिन्न हिस्सों में ऊंचे दामों पर बेची जा रही है. वर्षा ऋतु के दौरान नदियों से रेत निकालना कठिन हो जाता है, ऐसे में माफियाओं ने पहले से ही भंडारण कर लिया है. स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस अवैध रेत का उपयोग न सिर्फ निजी भवन निर्माण में, बल्कि सड़क, नाली और सरकारी इमारतों जैसे शासकीय निर्माण कार्यों में भी हो रहा है. इससे मकानों में कुछ ही महीनों में दरारें पड़ रही हैं और दीवारें कमजोर हो रही हैं. विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह की घटिया रेत से बनाए गए निर्माण अधिक समय तक टिकाऊ नहीं रह पाते. स्थानीय निवासियों ने बताया कि कई बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर बचते रहे हैं.

### बजरंग दल प्रखंड का अभ्यास वर्ग 23 को

**बुधनी.** नगर में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड अभ्यास वर्ग का आयोजन 23 जुलाई को किया जाएगा. इस संबंध में बैठक आयोजित की गई. जिसमें मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री भानु राजपूत, जिला मंत्री राजू जाट मौजूद थे. बैठक में आगामी कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन मिला. प्रखंड अभ्यास वर्ग तय हुआ 23 जुलाई को बजरंग दल के सभी सदस्यों को अपने प्रखंड एवं खंड में समिति को मार्गदर्शन दिया.



हरपालपुर. समीपस्थ धसान नदी का जलस्तर बढ़ने से ग्राम चपरन गांव में आई बाढ़ से ग्रामीणों के फंसे होने से प्रशासन की टीम द्वारा रेस्क्यू आपरेशन किया जा रहा है.

## विकास के साथ स्वच्छता पर ध्यान देना जरूरी

- वार्ड क्र. 32 में नपाध्यक्ष ने किया निर्माण का भूमिपूजन
- वार्ड को स्वच्छ रखने की लोगों को दिलाई शपथ

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** शुक्रवार को शहर के वार्ड क्रमांक 32 में आयोजित आठ लाख की लागत से बनाई जाने वाली सड़क निर्माण कार्य के भूमि पूजन नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा किया गया.

विकास के साथ-साथ नगर में स्वच्छता पर ध्यान देना बहुत जरूरी है. स्वच्छता न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए, बल्कि पूरे समुदाय के लिए भी आवश्यक है. जब शहर साफ-सुथरा होगा. तो बीमारियों का खतरा कम होगा, जीवन स्तर बेहतर होगा और शहर का विकास भी तेजी से होगा. पार्षद आजम नेता आदि ने नपाध्यक्ष श्री राठौर का स्वागत किया. पार्षद आजम नेता ने कहा कि शहर के वार्ड क्रमांक 32 में सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया. भूमि पूजन के दौरान पार्षद प्रदीप गौतम, इरशाद पहलवान, इरफान खान, कमलेश राठौर, मजिद भाई के अलावा क्षेत्रवासी शामिल थे.



### जन्माष्टी महोत्सव को लेकर बैठक कल

**सीहोर.** सर्व यादव समाज द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य एवं विशाल चल समारोह आस्था-उत्साह के साथ निकाला जाएगा. भव्य आयोजन को लेकर आगामी 20 जुलाई रविवार को सुबह दस बजे शहर के यादव समाज धर्मशाला छोटी ग्वालटोली में आयोजित की गई है. जन्माष्टमी चल समारोह के अध्यक्ष जितेन्द्र यादव ने बताया कि जन्माष्टी का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा. इस मौके पर चल समारोह का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम के संचालन एवं आगामी कार्यक्रम को लेकर अध्यक्ष के चयन किया जाना है.

असुविधा — बच्चियां आगे की शिक्षा के अभाव में घर बैठने पर मजबूर

# बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहा ग्राम सौंरा

**हरपालपुर. एमपी के आखिरी छोर पर बसा नजदीकी क्षेत्र उप्र का ग्राम सौंरा में बुनियादी सुविधाओं का अभाव खटकता है. केंद्र की डबल इंजन की सरकार में आज भी ग्रामीणों को चिकित्सा शिक्षा जैसी सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है. गांव में 8वीं तक जूनियर स्कूल की पढ़ाई कर बच्चियों को आगे की शिक्षा के अभाव में घर बैठने पर मजबूर होना पड़ता हैं, तो कुछ को दूसरे शहर पर निर्भर रहना पड़ता है.**




गौरतलब है कि तीन गांव की करीब 8 हजार की आबादी के बीच चार आंगनबाड़ी केंद्र होने के बावजूद यहां पर शिक्षा व स्वास्थ के लिए अस्पताल डिलेवरी सेंटर पर एएनएम, एम्बुलेंस नहीं होने की समस्या से जूझ रहे हैं. गांव वासियों का कहना है कि इमरजेंसी के बीच महिला प्रसूती को डिलेवरी के समय किराए का वाहन लेकर पनवाड़ी जाना पड़ता, हाइवे पर स्थित सौंरा चौका मानकी गाड़ो कुंआ खेरा, खुर्द खेरा क्षेत्र के लोग करीब 80 किमी दूर महोबा हमीरपुर जिले के सांसद अजेन्द्र राजपूत, विधायक बृजभूषण राजपूत व अधिकारियों की उपेक्षा के चलते सुविधाओं से वंचित हैं. यहां के अधिकांश गांववासी हरपालपुर शहर पर निर्भर है.

ग्राम प्रधान शांति रामाधीन अहिरवार का कहना है कि गांव आखिरी छोर पर बीचों-बीच बसा होने से यहां नेता और जनप्रतिनिधि सिर्फ चुनाव के वक्त ही वोट मांगने आते हैं. इसके बाद यह गांव उनकी स्मृति से गायब हो जाता है. यहां के ग्रामवासियों को गांव में अस्पताल, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं से महरूम होना पड़ रहा है. आज भी ग्रामीण अपनी जरूरत के लिए दूसरे शहर पर निर्भर रहते हैं. वहीं ग्रामीणों का कहना है कि गांव में हाई स्कूल न होने से आज भी बच्चों को एमपी के स्कूल में दाखिला लेकर गांव से 5 किमी दूर धूप, गर्मी, बरसात में पैदल व साईकिल चलाकर हरपालपुर स्कूल में शिक्षा लेने जाना पड़ता है.

## करणी सेना ने ज्ञापन सौंपा, कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** बीते दिनों हरदा में करणी सैनिकों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में करणी सैनिकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की.

करणी सेना जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह चौहान ने बताया कि हरदा जिले में एक वर्ष पूर्व हीरा खरीद से जुड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया था. जिसमें आशीष राजपूत द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी. उन्होंने मोहित एवं उमेश नाम के व्यक्तियों पर गंभीर आरोप लगाए थे. इस शिकायत पर एफआईआर दर्ज हुइ थी तथा आरोपियों को पुलिस ने गिर तार किया था, परन्तु बाद में उन्हें पर्याप्त कार्यवाही के ही छोड़ दिया गया. जबकि इस मामले में पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ किए जाने की गुहार लगाई थी. बावजूद फरियादी को थाने में अपमानित किया गया तथा पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया. पीड़ित पक्ष को ही गिरफ्तार कर लिया गया.

ज्ञापन के माध्यम से करणी सैनिकों ने बताया कि हरदा में राजपूत छात्रावास पर भी पुलिस द्वारा हमला किया गया. छात्रों पर लाठीचार्ज किए गए. इस बर्बरता का नजारा पूरे देश ने देखा है. छोटी-छोटी बच्चियों से मारपीट की गई. जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक है. करणी सैनिकों ने मांग की है कि करणी सेना के जिन निर्दोष लोगों पर मामला दर्ज किया है, उसे वापस लिया जाए. इसके अलावा मामले में दोषी पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए.